Date 2/3/2011

छत्तीसगढ़ विधान सभा

फरवरी-मार्च, 2011 सत्र

दैनिक कार्य सूची

गुरूवार, दिनांक 3 मार्च, 2011 (फाल्गुन 12,1932)

समय 11:00 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानआकर्षण

(1) सर्वश्री नंद कुमार पटेल,धर्मजीत सिंह,श्रीमती पदमा घनश्याम मनहर, सदस्य, रायगढ़ जिले में आदिवासियों की जमीन खरीदी-बिक्री में अनियमितता किये जाने की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्रीमती अंबिका मरकाम,श्री शिवराज सिंह उसारे, सदस्य, धमतरी जिले में छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना अन्तर्गत साइकिल वितरण में लापरवाही किये जाने की ओर आदिम जाति कल्याण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

3. प्रतिवेदन की प्रस्तुति

श्री सेवकराम नेताम, सभापति, गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति का द्वितीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे.

4. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री चैतराम साहू, सदस्य, भाटापारा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत -
- (i) ग्राम जरहागांव से अकोली तक मार्ग डामरीकरण करने,
- (ii) ग्राम दतरेंगी से सेमरिया मार्ग का डब्ल्यू.बी.एम. एवं डामरीकरण करने,
- (iii) ग्राम पासीद से करहीबाजार मार्ग का डब्ल्यू.बी.एम. एवं डामरीकरण करने,

(2) डॉ. (श्रीमती) रेणु जोगी, सदस्य, कोटा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत -
- (i) ग्राम बेलगहना में हाईस्कूल भवन निर्माण करने,
- (ii) ग्राम चपोरा में हाईस्कूल भवन निर्माण करने,

(3) श्री बैदूराम कश्यप, सदस्य, चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत -
- (i) ग्राम बड़ांजी में हाईस्कूल खोलने,
- (ii) ग्राम बड़े धाराउर से पारापुर मार्ग में नानीबहार नाले पर पुल निर्माण करने,
- (iii) ग्राम अलनार में संचालित हाईस्कूल को हायर सेकेण्डरी स्कूल में उन्नयन करने,
- (iv) ग्राम अलनार में आश्रम शाला खोलने,
- (v) ग्राम गढ़िया में हाईस्कूल खोलने,
- (vi) ग्राम रायकोट में हाईस्कूल खोलने,
- (vii) ग्राम तुरांगुर में पुल निर्माण करने तथा
- (viii) ग्राम सिंगनपुर में हाईस्कूल खोलने

के संबंध में याचिकायें प्रस्तुत करेंगे.

5. वर्ष 2011-2012 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा (क्रमश:)

रायपुर

दिनांक 2 मार्च, 2011

देवेन्द्र वर्मा

सचिव.